दैनिक
# उत्तराखण्ड प्रहरी

वर्ष 15 /अंक 96 / पृष्ठ 8

हरिद्वार, रविवार, 04 जून 2023

RNI No. : - UTTHIN/2009/27592

मूल्य- 2 रु.

uttarakhandprahari19@gmail.com | e-paper: uttarakhandprahari.com

उत्तराखण्ड का सबसे विश्वसनीय मीडिया पार्टनर

### सलमान, अक्षय, अजय, रश्मिका सहित कई हस्तियों ने दुख जताया

अभिनेता सलमान खान, अक्षय कुमार, अजय देवगन, संजय दत्त, जूनियर एनटीआर, अल्लू अर्जून, अभिनेत्री करीना कपूर, रश्मिका मंदाना और अनुष्का शर्मा सहित कई फिल्मी हस्तियों ने ओडिशा के बालासोर जिले में हुए भीषण ट्रेन हादसे पर शनिवार को दुख व्यक्त किया। गौरतलब है कि शुक्रवार शाम ओडिशा के बालासोर जिले में कोरोमंडल एक्सप्रेस और बेंगलुरु–हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतरने तथा फिर एक मालगाड़ी से टकराने से हुए भीषण हादसे में कम से कम 288 लोगों की मौत हो गई जबकि हादसे में करीब 1175 लोग घायल हुए हैं।



# बालासोर ट्रेन हादसाः 288 यात्रियों की मौत, 1175 यात्री जख्मी

**बालासोर (ओडिशा), (वार्ता)।** ओडिशा सरकार ने कहा कि बालासोर जिले के बहनगा रेलवे स्टेशन के निकट कल शाम हुई भीषण रेल दुर्घटना में 1175 यात्री घायल हुए हैं।राज्य सरकार ने शनिवार को बताया कि इस हादसे में घायल हुए कुल 1175 लोगों को सरकारी और निजी अस्पतालों में भर्ती कराया गया था जिनमें से 793 को अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी है। अब 382 जख्मी यात्री ही विभिन्न चिकित्सालयों में भर्ती हैं। इनमें से दो घायलों को छोड़कर सभी की हालत स्थिर है। इस हादसे में 288 यात्रियों की मौत हुई है। गौरतलब है कि शुक्रवार की शाम करीब सात बजे बालासोर जिले में बहगना स्टेशन के निकट कल शाम करीब सात बजे यह दुर्घटना उस वक्त हुई, जब चेन्नई की दिशा से अप लाइन पर आ रही 12841 कोरोमंडल एक्सप्रेस को थ्रू यानी सिग्नल मिला था और उसके पहले ही बहनगा स्टेशन पर एक मालगाड़ी आयी थी, जो अप लूप लाइन पर खड़ी थी। थ्रू सिग्नल होने के कारण कोरोमंडल अपनी पूरी गति यानी करीब 125 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चली आ रही थी, तभी वह पटरी से उतर गयी। कोरोमंडल एक्सप्रेस का इंजन लूप लाइन पर खड़ी मालगाड़ी से टकराया तो 21 कोच पटरी से उतर गये जबकि तीन डिब्बे बगल की डाउन लाइन पर उसी समय निकल रही 12864 डाउन हावड़ा से यशवंतपुर जा रही दूरंतो एक्सप्रेस से जा टकराये और इस कारण दूरंतो एक्सप्रेस के आखिरी दो कोच बेपटरी हो गये।


ओडिशा के बालासोर जिले में शुक्रवार शाम कोरोमंडल एक्सप्रेस और बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतरने और एक मालगाड़ी से टकराने से जुड़े रेल हादसे में मृतक संख्या शनिवार को बढ़कर 261 हो गई। देश के सबसे भीषण रेल हादसों में



शामिल इस दुर्घटना में करीब 1,000 यात्री घायल हुए हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्थिति का जायजा लेने के लिए शनिवार अपराह्न भारतीय वायुसेना के हेलीकॉप्टर से बालासोर पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान के साथ रेल दुर्घटना स्थल का जायजा लिया।

### प्रधानमंत्री मोदी ने ओडिशा में ट्रेन दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया, स्थिति का जायजा लिया

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के बालासोर जिले के बाहानगा में रेल दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया और राहत कार्यों का जायजा लिया। प्रधानमंत्री के साथ रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी थे। प्रधानमंत्री को दोनों केंद्रीय मंत्रियों के साथ-साथ आपदा प्रबंधन टीम के अधिकारियों द्वारा स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। बालासोर जिले में शुक्रवार शाम कोरोमंडल एक्सप्रेस और बेंगलुरु-हावड़ा एक्सप्रेस ट्रेन के पटरी से उतरने और एक मालगाड़ी से टकराने से जुड़े रेल हादसे में मृतक संख्या शनिवार को बढ़कर 261 हो गई। देश के सबसे भीषण रेल हादसों में शामिल इस दुर्घटना में करीब 1,000 यात्री घायल हुए हैं। प्रधानमंत्री ने घटनास्थल से कैबिनेट सचिव और स्वास्थ्य मंत्री से बात की। अधिकारियों ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उनसे यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि घायलों और उनके परिवारों को हरसंभव मदद मुहैया कराई जाए। मोदी ने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि शोक संतप्त परिवारों को किसी तरह की असुविधा ना हो और प्रभावितों को आवश्यक सहायता मिलती रहे। प्रधानमंत्री ने ओडिशा की राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री प्रमिला मलिक के साथ-साथ स्थानीय पुलिस प्रमुख से भी बातचीत की। मोदी ने दुर्घटना के बाद इस मार्ग पर ट्रेन सेवाओं को बहाल करने के लिए किए जा रहे कार्यों की प्रगति के बारे में भी जानकारी ली। बाहानगा बाजार में दुर्घटनास्थल पर पहुंचने से पहले प्रधानमंत्री ने ट्रेन हादसे पर नई दिल्ली में एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की थी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने ट्वीट किया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा में ट्रेन दुर्घटना के मद्देनजर स्थिति का जायजा लेने के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की।



## ओडिशा रेल हादसे पर विश्व के विभिन्न देशों के प्रमुख ने गहरा शोक जताया

ओडिशा में बालासोर जिले में शुक्रवार की शाम तीन ट्रेनों की भिडंत से हुए भीषण हादसे को लेकर चीन, रूस, ब्रिटेन और पाकिस्तान समेत विभिन्न देशों के नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने ओडिशा में हुये भीषण रेल हादसे को लेकर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शोक संदेश भेजकर गहरी संवेदना व्यक्त की है। पुतिन ने मुर्मू और मोदी को भेजे अपने शोक संदेश में कहा, "कृपया ओडिशा राज्य में ट्रेन दुर्घटना के दुखद परिणामों के संबंध में हमारी गहरी संवेदना स्वीकार करें। हम उन लोगों के दुख को साझा करते हैं जिन्होंने इस आपदा में अपने प्रियजनों को खो दिया और सभी पीड़ितों के शीघ्र स्वस्थ होने की आशा करते हैं।" चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ओडिशा के बालासोर जिले में तीन ट्रेनों की भिड़त के कारण हुए भीषण ट्रेन दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। जिनपिंग के हवाले से भारत में चीनी दूतावास ने ट्वीट करते हुए लिखा, "चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने ओडिशा में ट्रेन हादसे में हुई भारी जनहानि पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शोक संदेश भेजा। चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग ने भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शोक संदेश भेजा।" पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने हादसे पर ट्वीट कर लिखा, "भारत में एक ट्रेन दुर्घटना में सैकड़ों लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ। मैं इस त्रासदी में प्रियजनों को खोने वाले शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं. साथ ही घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।" वहीं ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने भी हादसे पर शोक जताया। उन्होंने पीएम मोदी को टैग करते हुए ट्वीट किया, "मेरी संवेदनाएं पीएम मोदी और ओडिशा हादसे में प्रभावित लोगों के साथ हैं। हादसे में मारे गए लोगों के परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है, साथ ही घायलों की मदद करने के लिए प्रशासन की की मैं तारीफ करता हूं।" फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मोदी के साथ राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को टैग करते हुए लिखा, "ओडिशा में हुए दुखद ट्रेन हादसे के बाद राष्ट्रपति मुर्मू, प्रधानमंत्री मोदी और भारत के लोगों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। फ्रांस आपके साथ एकजुटता से खड़ा है। मेरी संवेदनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं।" कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रुडो ने भी हादसे पर शोक जताया है। उन्होंने भी ट्वीट कर लिखा, "भारत के ओडिशा में ट्रेन दुर्घटना की तस्वीरें और रिपोर्ट देखकर दुख हुआ। मैं उन लोगों के लिए गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है. इस मुश्किल घड़ी में कनाडा के लोग भारत के लोगों के साथ खड़े हैं।"

# माफिया अतीक अहमद के आवास पर चला बुल्डोजर

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता



**देहरादून।** जमीनी धोखाधड़ी के कई मामलों में लिप्त रहे भूमाफिया अतीक अहमद के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए पुलिस-प्रशासन की टीमों ने उसके आवास को बुल्डोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया है। इस दौरान कई थानों की पुलिस ने मौके पर पहुंच वहां पर मोर्चा सम्भालाए लेकिन पुलिस व प्रशासन को किसी प्रकार के विरोध का सामना नहीं करना पड़ा।पूर्व में ही पुष्कर सिंह धामी सरकार द्वारा गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध लोगों को चेतावनी जारी कर दी गयी थी। जिसके चलते पुलिस व प्रशासन की टीमों द्वारा गैंगस्टर एक्ट में निरूद्ध भू माफिया अतीक अहमद को उसके आवास को ध्वस्तीकरण करने की कार्यवाही के लिए एक सप्ताह पहले ही आवास खाली करने का नोटिस जारी कर दिया गया था। इस मामले में समय सीमा पूरी होने के बाद आज पुलिस व प्रशासन की टीमों ने बुल्डोजर सहित तुंतोवाला मेहूवाला पहुंच कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही शुरू कर दी गयी।

पुलिस व प्रशासन की टीम के वहां पर पहुंचते ही लोगों की भीड जमा हो गयी। वहीं अतीक अहमद के परिवार के लोग भी वहां पर पहुंचे। यहीं नहीं देहरादून में पहली बार हो रही इस प्रकार की कार्यवाही को देखने के लिए दूरकृदूर से लोग वहां पर पहुंचे। इस दौरान कई थानों की पुलिस भी वहां पहुंच गयी थी। किसी प्रकार का कोई विरोध न हो इसको देखते हुए पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के कडे इंतेजाम किये थे । इस दौरान पटेलनगर कोतवाली बसंत विहारए प्रेमनगर सहित कई थानों की पुलिस ने वहां पर मोर्चा सम्भाला हुआ था लेकिन ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के दौरान किसी प्रकार का कोई विरोध नहीं दिखायी दिया। बताया जा रहा है कि अतीक अहमद द्वारा यह आवास नदी की एक बीघा भूमि पर कब्जा करके बनाया गया था। सवाल यह भी है कि जब सरकारी भूमि पर कब्जा हो रहा था तो जिम्मेदार अधिकारियों ने एक्शन क्यों नहीं लिया पुलिस के अनुसार अतीक अहमद के खिलाफ जमीन धोखाधड़ी के कई मुकदमे दर्ज है। वहीं पुलिस अब गैंगेस्टर अतीक अहमद की अन्य संपत्ति के बारे में जानकारियां जुटा रही है ताकि उन पर भी कार्यवाही हो सके।

वहीं पुलिस का कहना है कि अतीक अहमद की चार गाड़ियों को भी जब्त किया जाएगा। बताया जा रहा है कि दून पुलिस द्वारा अन्य गैंगस्टरों पर भी कार्यवाही के लिए लिस्ट बना दी गयी है। वहीं इस मामले में जब एसपी सिटी सरिता डोभाल से बात की गयी तो उनका कहना था कि उक्त आवास सरकारी जमीन पर बना था जिसे ध्वस्त कर दिया गया है।

## रेणुकाजी बांध परियोजना से प्रभावित हुए परिवार होंगें अधिसूचित

**शिमला (वार्ता)।** राष्ट्रीय महत्वाकांक्षी रेणुकाजी बांध परियोजना के निर्माण हेतु लगभग 947 हैक्टेयर निजि भूमि का अधिग्रहण किया गया है। यह निजि भूमि 18 परियोजना प्रभावित पंचायतों से भू-अधिग्रहण अधिनियम 1894 के तहत विगत में अधिग्रहण की गई है। इसी कडी में परियोजना द्वारा पुनर्वास एंव पुनर्स्थापन योजना में निर्देशित परिभाषा के अनुसार मुआवजा प्राप्त व्यक्तियों का भू-अधिग्रहण अधिनियम 1894 ( धारा 4 ) द्वारा अधिसूचना की तिथि को पंचायत परिवार पंजिका में दर्ज प्रविष्टियों के अनुसार चिन्हित करके प्रथम चरण में सूचि तैयार कर ली गई है।प्रथम चरण में जारी इस सूचि मे ऐसे परिवारों को जगह दी गई है जिनकी भूमि या घर या दोनों ही परियोजना द्वारा अधिग्रहण कर लिया गया हो और सम्बन्धित पचांयत में उनका रिकार्ड प्राप्त हो चुका हो। ऐसे परिवारों को मुख्य परियोजना प्रभावित परिवार में रखा गया है जबकि द्वितीय चरण में प्रथम चरण से छूटे लोगों को स्थान दिया जाएगा। जैसा कि विदित है कि परियोजना द्वारा 18 प्रभावित पचांयतों से भूमि अधिग्रहण किया गया है। अतः इन पचायतों के 1408 परिवार जिसमें से 297 परिवारों की भूमि और घर, 481 परिवार जिनकी केवल भूमि का अधिग्रहण, 40 परिवारों के केवल घरों का अधिग्रहण, 587 परिवार जिनकी केवल शामलात भूमि का अधिग्रहण और 3 परिवार जिनकी आजिविका पर नकारात्मक प्रभाव पडा हो के रूप में चिन्हित किए गए है की सूचि अधिसूचना हेतू उपायुक्त कार्यालय को भेजी गई हैं। बांध परियोजना की तरफ से प्रभावित परिवारों से आग्रह किया जाता है कि परियोजना प्रभावित ग्राम पचांयतों ददाहू, पनार, दीद बगड, कोटला मोलर, पराडा, लाना भाल्टा, नेरी नामण, काथली भरण, सेर तन्दूला, गवाही, संगडाह, रेडली, वाउनल काकोग, जरग, रजाना, माईना घडेल, जामू कोटी और खालाक्यार में जिन भी परिवारों की भूमि या घर का अधिग्रहण किया गया हो तो सम्बन्धित ग्राम पंचायतों या पटवार वृतों या तहसीलों में अपना नाम देख सकते है।

## खेल-खेल में कुत्ते का पट्टा मासूम के लिए बन गया मौत का फंदा

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**देहरादून।** छोटी बहन के साथ खेल रहे एक 12 साल के मासूम के लिए कुत्ते के गले का पट्टा मौत का फंदा बन गया। बच्चे ने यह पट्टा दरवाजे के ऊपर से फेंका तो इसका एक छोर कुंडे में अटक गया। दूसरा छोर ( कुत्ते के गले वाला ) उसने अपने गले में पहन लिया। आशंका है कि बच्चे का पैर फिसला और इससे फांसी लग गई। बहन जब तक इसे खोलने के लिए पड़ोसियों को बुलाती तब तक बच्चे की जान जा चुकी थी। पुलिस बच्चे के शव का शनिवार को पोस्टमार्टम कराएगी। घटना पटेलनगर के मेहूंवाला की है। यहां पर कुलदीप सिंह अपने पत्नी व दो बच्चों के साथ रहते हैं। वह ऑटो चलाते हैं। उनका बड़ा बेटा कार्तिक 12 साल का था और 10 साल की बेटी है। कुलदीप शुक्रवार सुबह ऑटो लेकर घर से चले गए थे। शाम को उनकी पत्नी भी बाजार चली गई। घर में कार्तिक और उसकी बहन ही मौजूद थी। दोनों घर के बेडरूम में खेल रहे थे। इसी बीच कार्तिक ने कुत्ते का पट्टा उठाया और उससे खेलने लगा। कार्तिक ने इस पट्टे को दरवाजे के ऊपर से फेंका तो इसका एक छोर दूसरी तरफ कुंडे में फंस गया। इसके बाद उसने दूसरे छोर को अपने गले में पहन लिया। बच्ची चिल्लाते हुए घर से बाहर निकली तो पड़ोसी पहुंच कार्तिक जरा नीचे हुआ तो यह कस गया और वह तड़पने लगा। कार्तिक की बहन ने इस फंदे को पहले तो गले से खोलना चाहा और फिर दरवाजे के पीछे कुंडे से खोलने का प्रयास किया। मगर, दोनों जगह वह असफल हो गई। बच्ची चिल्लाते हुए घर से बाहर निकली तो पड़ोसी वहां पहुंच गए। उन्होंने कार्तिक के गले से यह फंदा निकाला लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मौके पर आईएसबीटी चौकी से पुलिस फोस पहुंच गई। एसएचओ पटेलनगर सूर्यभूषण नेगी ने बताया कि आशंका है कि बच्चे का पैर फिसलने से यह फंदा लगा होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है। एसएचओ ने बताया कि घटना के वक्त केवल बच्ची ही कार्तिक के साथ थी। उससे बात करने का प्रयास किया गया लेकिन वह बात करने की हालत में नहीं है। उससे यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आखिर यह घटना कैसे हुई। लेकिन, अभी वह अपने भाई को याद करते हुए ही रो रही है। बच्चे की मां बेसुध हालत में है।

## वीडियो वायरल कर धार्मिक भवनाएं आहत करने वाले युवक को पुलिस ने दबोचा




**हरिद्वार।** कोतवाली लक्सर में अक्षय पंवार द्वारा कोतवाली लक्सर में तहरीर देकर बताया था कि जावेद अली नामक युवक द्वारा बाबा धीरेन्द्र शास्त्री बागेश्वर धाम की फोटो के साथ गाली देती हुई वीडियो अपने फेसबुक अकांउट से पोस्ट कर धार्मिक भवनाओं को आहत किया गया है। प्रकरण का तत्काल संज्ञान लेते हुए आरोपी जावेद अली के विरूद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा कर आरोपी जावेद अली पुत्र जाकिर निवासी-मुण्डाखेडा खुर्द लक्सर जिला हरिद्वार को हिरासत में लेकर पूछताछ की गयी। आरोपी के मोबाईल फोन को कब्जे पुलिस लेकर परीक्षण के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला चण्डीगढ भेजा जा रहा है।

# शिव मंदिरों में छोटे कपड़े पहन कर जाने वाले युवक युक्तियां नहीं कर पाएंगे दर्शन

### जिनका शरीर 80 फीसद ढका होगा उन्हें मिलेगा दर्शन करने का मौका



हरिद्वार के प्रसिद्ध दक्ष मंदिर, ऋषिकेश के नीलकंठ और देहरादून के टपकेश्वर में नियम किया जाएगा लागू

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार।** हरिद्वार के दक्ष प्रजापति मंदिर में छोटे कपड़े पहनकर आने वाली महिलाओं और युवतियों को दर्शनों से रोका जा सकता है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष एवं पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने श्रद्धालुओं के लिए इस संबंध में एक वीडियो जारी किया है। श्रीमहंत ने अपील करते हुए कहा कि मंदिर में 80 फीसदी शरीर ढके कपड़े पहनकर ही महिलाएं और युवतियां दर्शन के लिए आएं।अखाड़ा परिषद अध्यक्ष ने कहा कि आजकल समाज में जो प्रचलन चल रहा है कि उस पर सचेत रहने की आवश्यकता है। जो माताएं, बहनें और कन्याएं मंदिर आती हैं उनके वस्त्रों का पहनावा ठीक होना चाहिए। कई बार मंदिर में छोटे कपड़े पहनकर आने वाली महिलाओं और कन्याओं को देखकर लोग असहज महसूस करते हैं जिससे समाज में अच्छा संदेश नहीं जाता है। उन्होंने कहा कि कांवड़ मेले में मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ रहेगी। महंत ने कहा कि युवा अवस्था के बच्चे हर तरह की बुराई के तरफ आकर्षित होते हैं। इस पर अंकुश लगना आवश्यक है। बच्चों के परिवार के लोग उनको समझाएं। श्रीमहंत ने कहा कि पहले भी कई बार शरीर ढके कपड़े पहनकर मंदिर आने की अपील कर चुके हैं लेकिन अब कांवड़ मेले को देखते हुए फिर से अपील जारी कर रहे हैं। मंदिर में 80 फीसदी शरीर ढके कपड़े पहनकर आने वालों को ही दर्शन करने दिए जाएंगे। हरिद्वार के प्रसिद्ध दक्ष मंदिर, ऋषिकेश के नीलकंठ और देहरादून के टपकेश्वर में नियम किया जाएगा लागू।

# पॉड टैक्सी की योजना के रूट को लेकर धर्मनगरी हरिद्वार में बढ़ता जा रहा है आक्रोश

## उत्तराखंड सरकार ने हरिद्वार के लिए इसे सबसे पहले प्रस्तावित किया है

वासुदेव राजपूत, ब्यूरो

**हरिद्वार।** धर्मनगरी हरिद्वार में सरकार द्वारा पॉड टैक्सी की योजना को हरी झंडी देने के बाद इसके रूट को लेकर व्यापारियों में आक्रोश देखने को मिल रहा है। उत्तराखंड में राज्य सरकार की प्रस्तावित पर्सनल रैपिड ट्राजिट यानी पॉड टैक्सी जल्द दौड़ती नजर आ सकती है, हालांकि यहां इस परियोजना का विरोध हो रहा है। हाल ही में व्यापारी, पुजारी समिति और श्रीगंगा सभा के सदस्यों ने उत्तराखंड भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मदन कौशिक से मुलाकात कर इसका विरोध जताया था। और व्यापारी रोज सड़कों पर उतर कर इस योजना का विरोध कर रहे हैं। हालांकि परियोजना को क्रियान्वित करने के लिए जिम्मेदार सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम उत्तराखंड मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (यूकेएमआरसी) का कहना है कि ₹यह परियोजना पवित्र शहर के भारी यातायात भार को देखते हुए ये बेहद फायदेमंद है। पॉड टैक्सी सेवा सबसे पहले लंदन में शुरू हुई थी, यहां हीथ्र एयरपोर्ट पर यह सन-2010 से काम कर रही है। लंदन में यह 22 घंटे तक सेवा देती है, यह लंदन की सबसे बेहतरीन परिवहन सेवाओं में से एक मानी जाती है। चीन में भी इसका काम जोरों पर चल रहा है, इस साल तक यहां भी पॉड टैक्सी शुरू होने की संभावना है। इसके अलावा भारत में भी कई जगह पॉड टैक्सी चलाने पर चर्चा हो चुकी है, हालांकि उत्तराखंड सरकार ने हरिद्वार के लिए इसे सबसे पहले प्रस्तावित किया है।






### 20.74 किमी लंबे रास्तों में चार गलियारे शामिल होंगे

प्रस्तावित पॉड टैक्सी 600 से 800 मिमी व्यास और 5.5 से 6 मीटर ऊंचाई वाले खंभों द्वारा समर्थित 4.5 मीटर चौड़े ऊंचे रास्ते पर संचालित होगी। सीतापुर (ज्वालापुर) से भारत माता मंदिर, सिटी अस्पताल से दक्ष मंदिर, गणेशपुरम से डीएवी स्कूल, और वाल्मीकि चौक से लालतारो ब्रिज। मार्ग के साथ, शहर भर में फैले 21 स्टेशन होंगे। स्थानीय लोगों को चिंता है कि ₹संकरी और भीड़भाड़ वाली मुख्य सड़कों पर चलने वाली पॉड टैक्सी केवल यातायात की स्थिति को खराब करेगी₹।

### क्या होती है पॉड टैक्सी

पॉड टैक्सी एक तरह से इलेक्ट्रिक कार की तरह होती है जो बिना ड्राइवर के चलती है. एक तरह से कहें तो ये छोटी कार है जो ऑटोमैटिक चलती है और एक स्थान से दूसरे स्थान तक लोगों को बहुत तेज गति से ले जा सकती है। एक बार में पॉड टैक्सी में तकरीबन 8 यात्री बैठ सकते हैं और 13 खड़े होकर यात्रा कर सकते हैं।

### व्यापारी विकास के विरोधी नहीं है लेकिन विनाश के समर्थक भी नहीं हैं : संजय त्रिवाल



व्यापारी नेता संजय त्रिवाल ने कहा कि कुंभ मेले के दौरान अपर रोड़ से होकर की अखाड़ों की पेशवाई हरकी पैड़ी जाती हैं। जिसमें बहुत ऊंची ऊची धर्म पताकाएं भी शामिल होती हैं। कांवड़ मेले के दौरान लाखों शिवभक्त कांवड़ों में गंगाजल भरने इसी मार्ग से हरकी पैड़ी जाते हैं। यदि सड़कों के बिच प्रोजेक्ट के पिलर खड़े होंगे तो जगह नहीं बचेगी। दोनों तरफ के आवासीय व व्यवसायिक भवनों को तोड़ा जाएगा। जिससे शहर का धार्मिक स्वरूप का समाप्त होगा ही। साथ ही विस्थापन होने पर व्यापारियों को भारी समस्या का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारी विकास के विरोधी नहीं है। लेकिन विनाश के समर्थक भी नहीं हैं।

### क्या है विरोध की वजह

हरिद्वार में पॉड टैक्सी प्रोजेक्ट का विरोध किया जा रहा है। दरअसल यहां पर भारत माता मंदिर से सीतापुर, डीएवी स्कूल से गणेशपुरम समेत चार कॉरिडोर पर पॉड टैक्सी परियोजना प्रस्तावित है। विरोध कर रहे लोगों का तर्क है कि पॉड टैक्सी योजना से पहले से संकरी सड़कों पर यातायात की स्थिति और बिगड़ जाएगी। यूकेएमआरसी का तर्क ये है कि पॉड टैक्सी के लिए बनाए जाने वाले खंभों की आसपास में दूरी 10 से 20 मीटर की होगी, इससे यातायात पर कोई विशेष असर नहीं पड़ेगा।



### इस प्रोजेक्ट को सिटी क्षेत्र से अलग किया जाना चाहिए : नितिन गौतम

श्रीगंगा सभा अध्यक्ष नितिन गौतम ने कहा की प्रोजेक्ट से जुड़े अधिकारियों ने व्यापारियों व श्रीगंगा सभा पदाधिकारियों के समक्ष योजना का जो प्रजेंटेशन दिया है। उससे कोई भी वर्ग संतुष्ट नहीं है। इस प्रकार के प्रोजेक्ट मेट्रो सिटी में लगाए जाने चाहिए। हरिद्वार जैसे पौराणिक शहर की पौराणिकता को समाप्त करने का हम पूरा विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट को सिटी क्षेत्र से अलग किया जाए।

### पॉड टैक्सी से व्यापारी प्रभावित नहीं होने चाहिएं : डॉ. विशाल गर्ग



योजना लेकर वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. विशाल गर्ग का कहना है कि पॉड टैक्सी से व्यापारी प्रभावित नहीं होने चाहिएं। पॉड टैक्सी योजना को शहर से अलग बनाया जाए। इसके साथ ही गर्ग ने कहा कि सरकार मास्टर प्लान लेकर आ रही है इससे पूरा हरिद्वार ही उजड़ जाएगा।

# स्टोन क्रेशर मालिक पर लगाया उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी देने का आरोप

उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो

**हरिद्वार।** श्यामपुर स्थित सजनपुरपीली ग्राम में चैरिटी ध्रुव अस्पताल के संस्थापक बाबा बालकदास ने हरिद्वार-नजीबाबाद रोड पर स्थित कलावीर स्टोन क्रेशर मालिक पर उत्पीड़न किए जाने और जान से मारने की धमकी दिए जाने का आरोप लगाया है। भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर स्टोन क्रेशर मालिक के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है। सिटी मजिस्ट्रेट के माध्यम से जिलाधिकारी डीएस गर्ब्याल को भेजे पत्र में यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह विर्क ने बताया कि बाबा बालकदास संत समाज से हैं और श्यामपुर स्थित सजनपुरपीली ग्राम में चैरिटी ध्रुव अस्पताल के संस्थापक हैं। वह हरिद्वार-नजीबाबाद रोड पर स्थित थाना श्यामपुर क्षेत्र के सजनपुर पीली गांव में धर्मार्थ ध्रुव चैरिटेबल ट्रस्ट अस्पताल का संचालन कर रहे हैं। इस अस्पताल के आसपास के रहने वाले ग्रामीणों और गरीब साधु-संतों सहित अन्य का आयुष्मान कार्ड पर निःशुल्क उपचार किया जा रहा है, लेकिन अस्पताल के निकट संचालित कलाबीर स्टोन क्रेशर मालिक की ओर से बाबा बालकदास और अस्पताल में इलाज कराने आने वाले ग्रामीणों व साधु संतों का लगातार उत्पीड़न किया जा रहा है। उक्त 154 खसरा नंबर खतौनी और पटवारी के नक्शे के मुताबिक मौका स्थल पर 8.30 फुट तीन इंच का चक रोड दर्ज है, लेकिन बाबा बालकदास की ओर से चक रोड के लिए 9.30 फुट जगह छोड़े जाने के वावजूद अस्पताल की बाउंड्री वॉल के निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न की जा रही है। उन्होंने पत्र में बताया कि स्टोन क्रेशर मालिक ने टिबड़ी रानीपुर स्थित तरूण हिमालय नगर निगम की भूमि को कब्जाया हुआ है। उक्त क्रेशर मालिक दबंग प्रवृत्ति का है। अपनी निजी भूमि पर बाबा बालक द्वारा दीवार का निर्माण कार्य कराए जाने के बाद से उन्हें अस्पताल बंद कराने के साथ ही जान से मारने की भी धमकी स्टोन क्रेशर संचालक की ओर से दी जा रही है। उन्होंने जिलाधिकारी डीएस गर्ब्याल से उक्त मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय महासचिव इरशाद अली, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विनोद कश्यप, प्रदेश संयोजक राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, डॉ. विनोद चौहान, राजीव, विकास कुमार आदि मौजूद रहे।

भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन ने सिटी मजिस्ट्रेट के जरिए डीएम को भेजा पत्र



# फिर लॉरेंस विश्नोई गैंग के नाम पर मांगी रंगदारी, नहीं देने पर अंजाम भुगतने की धमकी

उत्तराखंड प्रहरी, ब्यूरो

**हरिद्वार।** नगर कोतवाली क्षेत्र में एक हार्डवेयर व्यापारी से एक बार फिर लॉरेंस विश्नोई गैंग के नाम पर रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में पुलिस ने मुकद्मा दर्ज कर जांच को विशेष टीम गठित की हैं। जानकारी के मुताबिक विगत 9 मार्च को हार्डवेयर व्यापारी संतोष महेश्वरी को उनके पुत्र शिवेश महेश्वरी के मोबाइल नंबर पर रंगदारी मांगने व धमकी मिलने संबंधी कोतवाली नगर में मुकद्मा दर्ज कराया गया था, जिसकी पुलिस अभी भी जांच में जुटी हुई है। जिसमें धमकी भेजे जाने वाले व्यक्ति ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का बताकर रंगदारी मांगी थी। इसके साथ ही एक बार फिर से शिवेश महेश्वरी के मोबाइल नम्बर पर इस बार दूसरे नंबर से धमकी व रंगदारी संबंधी टैक्स मैसेज भेजा गया। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है। पुलिस भेजे गए मैसेज व मोबाइल नम्बर की जांच कर रही है। विदित हो कि 09 मार्च को ही हरिपुर रायवाला क्षेत्र के दो हार्डवेयर व्यापारियों को भी लॉरेंस बिश्नोई के नाम से धमकी दी गई थी, जिस संबंध में दो मुकदमें थाना रायवाला में भी दर्ज हुए थे। उनको भी एक बार फिर से धमकी मिली है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी अजय सिंह ने मामले के जल्द खुलासे के लिए विशेष पुलिस टीमों का गठन किया है।




पुलिस ने मुकद्मा दर्ज कर जांच को विशेष टीम की गठित



# हंगामे की भेंट चढ़ी निगम बोर्ड बैठक : पार्षदों ने किया बहिष्कार, महापौर ने किया बैठक को स्थगित

उत्तराखंड प्रहरी, ब्यूरो

- भाजपा और कांग्रेसी पार्षद आये आमने-सामने दोनों पक्षों के बीच तीखी नोंकझोंक
- महापौर के पति ने नगर निगम की जमीन खुर्द बुर्द किए जाए के विरोध दिया धरना





**हरिद्वार।** नगर निगम की बोर्ड बैठक से पहले महापौर के पति और पूर्व सभासद अशोक शर्मा के कुछ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ टाउन हाल के बाहर नगर निगम की जमीन खुर्द बुर्द किए जाए के विरोध में किए जा रहे धरना प्रदर्शन को लेकर भाजपा पार्षद और कांग्रेसी आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के बीच टाउन हाल गेट पर तीखी नोंकझोंक हुई। हाथापायी की नौबत भी आयी। मौके पर मौजूद पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत तो करा दिया लेकिन सदन के भीतर इसे लेकर जमकर रार हुआ। भाजपा की महिला पार्षदों ने महापौर के पति पर शर्ट का बटन खोलकर धरना प्रदर्शन का आरोप लगाते इसे सदन और महिलाओं का अपमान बताया। इस कृत्य के लिए माफी मांगने की मांग पर अड़ी रही। इसे लेकर घंटों हो हल्ला और तीखी नोंकझोंक के बीच भाजपा पार्षद बैठक का बहिष्कार कर सदन से बाहर चले गए। जिस पर महापौर ने नगर निगम की बोर्ड बैठक को स्थगित कर दिया। नगर निगम की बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के बजट समेत कई प्रस्तावों पर मुहर लगनी थी। पूर्वाह्न करीब ग्यारह बजे बुलायी गयी बोर्ड बैठक में पहले तो काफी देर तक कांग्रेस पार्षद नहीं पहुंचे। इस बीच महापौर की कार्यशैली को लेकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट नूपुर वर्मा को सौंपने जा रहे भाजपा पार्षदों का पहले से टाउन हाल गेट के बाहर नगर निगम की संपत्ति खुर्द बुर्द किए जाने के विरोध में महापौर के पति और पूर्व सभासद अशोक शर्मा के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों से हो गया। दोनों पक्षों के बीच टाउन हाल गेट पर ही जमकर तू-तू मैं-मैं हुई। दोनों पक्षों के बीच तनातनी बढ़ता देख मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा बुझाकर शांत कर दिया। बोर्ड बैठक की कार्यवाही शुरू भी नहीं हुई कि भाजपा की महिला पार्षद निशा नौडियाल, मोनिका शर्मा, सपना शर्मा आदि ने महापौर के पति और पूर्व सभासद अशोक शर्मा पर शर्ट का बटन खोलकर प्रदर्शन किए जाने को महिलाओं और सदन का अपमान बताया। भाजपा पार्षद दल के उपनेता अनिरुद्ध भाटी ने कहा कि पूरा सदन महापौर के पति की इस हरकत से क्षुब्ध है। पार्षद विनीत जौली ने कहा कि महिलाओं का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा पार्षद महापौर से पति से इस कृत्य के लिए माफी मांगने की मांग पर अड़े रहे। हो हंगामे होता देख महापौर कुछ देर के लिए सदन से बाहर चली गयी। उनके दोबारा आने पर भी भाजपा पार्षद इसी मांग को लेकर अड़े रहे। इधर कांग्रेस पार्षद सुहैल कुरैशी ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को बोलने का अधिकार है। महापौर के पति और कांग्रेसी सदन से बाहर धरना प्रदर्शन कर रहे थे। जो कतई गलत नहीं है। जनता का लोकतांत्रिक अधिकार छीन लिया है। हो हंगामे के बाद भाजपा पार्षद बोर्ड बैठक का बहिष्कार कर सदन से चले गए। जिस पर महापौर अनिता शर्मा ने बोर्ड बैठक को स्थगित कर दिया।

## क्या बोले भाजपा पार्षद दल के नेता सुनील अग्रवाल गुड्डू

*भाजपा पार्षद दल के नेता सुनील अग्रवाल गुड्डू ने ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि नगर निगम, हरिद्वार की १६ नवम्बर २२ को आयोजित बोर्ड बैठक में प्रेम प्रकाश आश्रम द्वारा एक पार्क निर्माण के प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया था जिसमें पार्क का स्वामित्व नगर निगम, हरिद्वार का रहेगा तथा प्रेम प्रकाश आश्रम पार्क का निर्माण कर उक्त पार्क को नगर निगम, हरिद्वार को ही संचालन के लिए सौंपेगा। कुछ समय पूर्व, महापौर पति तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा उक्त स्थान पर तोड़फोड़ की गई तथा हंगामा किया गया। उक्त स्थान पर प्रेम प्रकाश आश्रम द्वारा सौन्दर्यीकरण से सम्बन्धित कार्य का प्रस्ताव निगम को उपलब्ध कराया गया था, जिस पर बोर्ड द्वारा बहुमत से सहमति प्रदान की गयी थी। महापौर पति को उक्त कृत्य से बोर्ड के साथ-साथ प्रदेश सरकार की भी अवमानना हुई है।*

# धर्मनगरी को खनन वर्जित नगरी बनाए प्रशासन, स्वामी शिवानंद




उत्तराखंड प्रहरी, ब्यूरो

**हरिद्वार।** भारतीय किसान मजदूर उत्थान यूनियन के मातृ सदन में आयोजित सम्मेलन के पहले दिन यूनियन के राष्ट्रीय संरक्षक स्वामी शिवानंद ने कहा कि जल, जंगल, कृषि, पर्यावरण, गौ, बेटी के मुद्दों को लेकर यूनियन कार्य कर रहा है। उन्होंने हरिद्वार प्रशासन को हिदायत देते हुए कहा कि धर्मनगरी को खनन नगरी न बनाया जाए, नहीं तो आने वाले समय में इसके गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। यूनियन राष्ट्रीय सरंक्षक एवं मातृ सदन के स्वामी शिवानंद ने कहा कि गंगा में अवैध खनन जोरों-शोरों से हो रहा है। प्रशासन खनन पर रोक लगाने के लिए जमीनीस्तर पर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। जिससे लगातार खनन माफियाओं के हौंसले बुलंद होते जा रहे हैं। कहा कि गंगा सूख जाए तो पूरे देश में सूखा हो जाएगा। गंगा के पत्थर शिवतुल्य हैं, लेकिन खनन माफिया लगातार उन्हें नष्ट करने पर लगे हैं। खनन माफियाओं ने गंगा में 20-20 फीट गहरे गड्ढे कर दिए हैं और लगभग 60-70 स्टोन क्रेशर बना दिए हैं, लेकिन हरिद्वार प्रशासन कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहा है। उन्होंने प्रशासन से पूरे हरिद्वार क्षेत्र का खनन वर्जित क्षेत्र घोषित करने की मांग की है। स्वामी शिवानंद ने सम्मेलन में गुरुकुल महाविद्यालय में कब्जे को लेकर योगगुरु बाबा रामदेव पर निशाना साधा है। कहा कि करीब 350 बीघे में संचालित गुरुकुल महाविद्यालय का व्यवसायीकरण करते हुए पतंजलि में विलय करने का प्रयास न करें। पुरानी परंपरा से ही गुरुकुल महाविद्यालय का संचालन करें।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह विर्क ने कहा कि दो दिवसीय किसान सम्मेलन जल, जंगल, कृषि, पर्यावरण, गौ, बेटी के मुद्दों को लेकर आयोजित किया जा रहा है। कहा कि खनन माफियाओं की ओर से खोदे गए गड्ढे के चलते दो बच्चों सहित तीन की मौत हो गई थी, जो कि एक दुखद घटना है। प्रशासन को हरिद्वार जिला में खनन वर्जित कर देना चाहिए। यह जिला कृषि योग्य बनाया जाएगा। पशु-पक्षियों को बचाने के लिए गंगा को जीवित रखना आवश्यक है। इस अवसर पर साध्वी पदमावती ने कहा कि मां गंगा की रक्षा होनी चाहिए। मां गंगा में अवैध खनन बिल्कुल नहीं होना चाहिए। कहा कि अवैध खनन पर प्रशासन की ओर से रोक नहीं लगाई गई तो इसके गंभीर परिणाम होंगे। सम्मेलन में हरियाणा, यूपी, राजस्थान, बिहार समेत कई राज्यों से आए किसानों ने शिरकत की।

# हर की पैड़ी क्षेत्र के सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में एक बैठक आयोजित





उत्तराखंड प्रहरी, ब्यूरो

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल की अध्यक्षता में शनिवार को मेला नियंत्रण भवन में हरकीपैड़ी क्षेत्र के सौन्दर्यीकरण के सम्बन्ध में एक बैठक आयोजित हुई। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल को बैठक में उपस्थित प्लान डिजाइनर ने हरकीपैड़ी क्षेत्र के सौन्दर्यीकरण के लिये क्या-क्या किया जा सकता है, के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। बैठक में सर्वप्रथम हरकीपैड़ी आने वाले श्रद्धालुओं को जूता-चप्पल रखने के लिये जूता स्टैण्ड एवं सामान को रखने के लिये लॉकर की सुविधा उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में चर्चा हुई। इस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि हरकीपैड़ी पर जितने भी प्रमुख प्रवेश मार्ग हैं, उन स्थानों पर जूता स्टैण्ड एवं लॉकर की व्यवस्था की जाये। बैठक में भीमगौड़ा से हर की पैड़ी की ओर आने वाले प्रवेश मार्ग पर एक भव्य द्वार स्थापित करने एवं भीमगौड़ा से हर की पैड़ी मार्ग के सौन्दर्यीरण के सम्बन्ध में चर्चा हुई, तो जिलाधिकारी ने कहा कि भीमगाड़ा के प्रवेश मार्ग पर भव्य द्वार का निर्माण एवं वहां से हर की पैड़ी की ओर आने वाले मार्ग का सौर्न्दीकरण धर्मनगरी की पारम्परिक शैली, आस्था एवं मर्यादा के अनुरूप किया जाये। बैठक में हर की पैड़ी स्थित पुलिस चौकी के सौन्दर्यीकरण का प्रकरण भी सामने आया। इस पर जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि पुलिस चौकी का हरकीपैड़ी के अनुरूप डिजाइन करते हुये सौन्दर्यीकरण किया जाये तथा सम्भव हो तो हर की पैड़ी के आसपास पुलिस चौकी के वैकल्पिक स्थान के सम्बन्ध में भी विचार कर लिया जाये। बैठक के दौरान धनुष पुल की भी चर्चा हुई। इस पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि धनुष पुल का भी सौन्दर्यीकरण किया जाये तथा इसमें लाइटिंग की व्यवस्था की जाये ताकि रात्रि के समय भी इसका सुन्दर सा व्यू दूर से ही दिखाई दे।

हरकीपैड़ी क्षेत्र के सौन्दर्यीकरण के तारतम्य में हरकीपैड़ी व आसपास के मार्केट के सम्बन्ध में भी विस्तार से चर्चा हुई। इस पर जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार की नीति के अनुरूप स्थानीय बाजारों को पारम्परिक स्थानीय शैली एवं गरिमा के अनुरूप विकसित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त हरकीपैड़ी क्षेत्र में आवश्यकता को देखते हुये स्थान चिह्नित कव शौचालयों का निर्माण किया जाये ताकि श्रद्धालुओं को कहीं पर भी दिक्कत न महसूस हो।

इस अवसर पर महामंत्री श्रीगंगा सभा तन्मय वशिष्ठ, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) बीर सिंह बुदियाल, सचिव हरिद्वार-रूड़की विकास प्राधिकरण उत्तम सिंह चौहान, एमएनए दयानन्द सरस्वती, एसडीएम पूरण सिंह राणा, सिटी मजिस्ट्रेट नूपुर वर्मा, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण सुरेश तोमर, सीओ सिटी, प्लान डिजाइनर सहित सम्बन्धित पदाधिकारी व अधिकारीगण उपस्थित थे।

# एडमस यूनिवर्सिटी कोलकाता और गुरू जम्बेश्वर यूनिवर्सिटी फुटबाल चैंपियन




**लखनऊ, (वार्ता)।** पहली बार खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स उत्तर प्रदेश 2022 में प्रतिभाग कर रही यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली की टीम ने आज बैडमिंटन में महिला वर्ग का स्वर्ण पदक जीता। पुरुष बैडमिंटन में महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी ने स्वर्ण पदक जीतने का गौरव हासिल किया। वहीं पुरुष फुटबाल में एडमस यूनिवर्सिटी कोलकाता और महिला फुटबॉल में गुरू जम्बेश्वर यूनिवर्सिटी हिसार चैंपियन बने।

तीरंदाजी में रिकर्व व्यक्तिगत के मुकाबलों में पुरुषों में चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी मेरठ के अंकित राना और महिला में कोल्हन यूनिवर्सिटी की अंशिका कुमार सिंह ने स्वर्ण पदक जीते। रिकर्व मिक्स टीम इवेंट में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी हरियाणा, महिला रिकर्व टीम इवेंट में गुरु जंबेश्वर यूनिवर्सिटी हिसार ओर पुरुष रिकर्व टीम इवेंट में लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी चैंपियन बने। तलवारबाजी में पुरुष टीम फायल में बाबा साहेब अंबेडकर मराठवाड़ा यूनिवर्सिटी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर ने तहलका मचाते हए महिला टीम सैबर और महिला टीम ईपी दोनों वर्गो के स्वर्ण पदक जीते। जूडो में एआर अर्जुन, विशाल , नंदिनी वत्स और रोशनी लैसराम देवी ने अपनी श्रेष्ठता साबित की।

बीबीडी यूनिवर्सिटी बैडमिंटन अकादमी के कोर्ट पर खेले जा रहे बैडमिंटन के मुकाबलों में महिला वर्ग के फाइनल में यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली ने जैन यूनिवर्सिटी को एकतरफा 2-0 से हराया। स्पर्धा का कांस्य पदक एडमस यूनिवर्सिटी को मिला। पुरुष बैडमिंटन का स्वर्ण पदक महर्षि दयानंद यूनिवर्सिटी ने सावित्री बाई फुले पुणे यूनिवर्सिटी को 3-2 से हराकर जीता। इस स्पर्धा का कांस्य पदक जैन यूनिवर्सिटी को मिला।

महिला बैडमिंटन के फाइनल में आज यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली ने जैन यूनिवर्सिटी के खिलाफ पूरे मैच में दबदबा बनाये रखा। पहले सिंगल्स में यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली की लिखिता श्रीवास्तव ने जैन यूनिवर्सिटी की जान्हवी को 21-18, 21-10 से हराया। इसके बाद डबल्स में यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली की दीपशिखा व काव्या गुप्ता को जैन यूनिवर्सिटी के खिलाफ तीन गेम तक चले मुकाबले में जीत के लिए खासा पसीना बहाना पड़ा। यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली की जोड़ी ने यह मैच 15-21, 21-15, 21-8 से जीता। इससे दिल्ली ने खिताबी जीत अपनी झोली में डाल ली।

# लय में लौटे लक्ष्य सेन; थाइलैंड ओपन के सेमीफाइनल में, मलेशिया के लुआंग जून हाओ हराए




**बैंकॉक।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने बैंकॉक में चल रहे थाईलैंड ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है, जबकि भारत के लिए राइजिंग स्टार किरण जॉर्ज क्वार्टर फाइनल हार कर बाहर हो गए हैं। 21 साल के लक्ष्य पहली बार इस चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। उन्होंने टॉप-8 कांटेस्ट में मलेशिया के लुआंग जून हाओ को 21-19, 21-11 से हराया, वहीं भारत के राइजिंग स्टार किरण जॉर्ज क्वार्टर फाइनल मुकाबला हार गए। उन्हें फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव ने 21-6, 21-17 से हराया। लक्ष्य सेन सीजन का पहला सेमीफाइनल खेलेंगे। थॉमस कप जीतने के बाद लक्ष्य सेन सीजन की शुरुआत में लय में नहीं थे, लेकिन थाईलैंड ओपन में शानदार प्रदर्शन किया। लक्ष्य ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में लुआंग जून हाओ पर लगातार दो गेम में जीत दर्ज की। पहले गेम में लक्ष्य ने पहले 10-11 से बढ़त बनाई। कुछ देर बाद दोनों का स्कोर 17-17 से बराबर हो गया। लक्ष्य ने शानदार वापसी करते हुए फुर्तीला खेल दिखाया और 21-19 से गेम जीत लिया। मुकाबले का दूसरा गेम लक्ष्य के पक्ष में रहा। उन्होंने आसान गेम 21-11 से जीता।

## कार्ल हूपर वेस्ट इंडीज के नए सहायक कोच

**एंटीगा, (वार्ता)।** संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला और आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर अभियान से कार्ल हूपर पहले सहायक कोच के रूप में वेस्टइंडीज से जुड़ेंगे। वेस्टइंडीज के पूर्व कप्तान कार्ल हूपर संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए सफेद गेंद के मुख्य कोच डैरन सैमी के साथ सहायक के रूप में वापसी करेंगे। 15 से अधिक वर्षों में वेस्टइंडीज के लिए 329 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने के बाद हूपर कैरेबियन और ऑस्ट्रेलिया में विभिन्न स्तरों पर कोच और संरक्षक रहे हैं। आईसीसी ने बताया कि 56 वर्षीय हाल ही में पिछली गर्मियों में ऑस्ट्रेलिया के बिग बैश लीग सीज़न के दौरान एडिलेड स्ट्राइकर्स के सहायक कोच थे। हूपर ने कैरेबियन प्रीमियर लीग में एंटीगुआ हॉक्सबिल्स और गुयाना अमेज़ॅन वारियर्स के साथ कोचिंग भूमिकाएं भी निभाई हैं, और पहले बारबाडोस में वेस्ट इंडीज हाई परफॉर्मेंस सेंटर में एक संरक्षक थे।

# कारोबार

## दिल्ली में एयरटेल के इंटरनेशनल रोमिंग पैक की मांग बढ़ी

**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारत की अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक, भारती एयरटेल ने पिछले वर्ष की तुलना में दिल्ली से विदेश यात्रा करने वाले ग्राहकों के लिए इंटरनेशनल रोमिंग पैक के सब्सक्रिप्शन में 108 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है। इस वृद्धि को देखते हुए ग्राहकों को फ्लाइट से पहले अंतिम समय में सहायता प्रदान करने के लिए, एयरटेल ने दिल्ली इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के प्रस्थान टर्मिनल पर ड्यूटी फ्री जोन में एक अंतरराष्ट्रीय रोमिंग कियोस्क स्थापित किया है।




एयरटेल ने अपने अंतरराष्ट्रीय रोमिंग प्लान को भी अपडेट किया है, ताकि इसे किफायती बनाया जा सके, जिसकी शुरुआत केवल 133/दिन से होती है। यह अधिकांश देशों में स्थानीय सिम कार्ड से भी सस्ता है, जिससे ग्राहकों के लिए कनेक्टिविटी आसान और अधिक सुविधाजनक हो जाती है। कनेक्टिविटी को आसान, सहज और आकर्षक बनाने के लिए, एयरटेल ने अपने अंतरराष्ट्रीय रोमिंग प्लान को इस तरह से अपडेट किया है कि इसकी शुरुआती कीमत 133 रुपए/दिन जितनी कम है, जो इसे अधिकांश देशों के स्थानीय सिम कार्ड की तुलना में अधिक किफायती बनाता है। इसके परिणामस्वरूप प्रीपेड और पोस्टपेड दोनों सेगमेंट में पैक सब्सक्रिप्शन में कंपनी ने महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की है। 10-दिन की वैधता वाला पैक विदेश यात्रा करने वाले दिल्लीवासियों के बीच सबसे लोकप्रिय सब्सक्रिप्शन पैक बना हुआ है। भले ही संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन भारत से सबसे अधिक यात्रा करने वालों के फेवरेट डेस्टिनेशन हैं, दिल्लीवासियों के लिए एयरटेल के नेटवर्क पर सबसे लोकप्रिय इंटरनेशनल हॉलीडे डेस्टिनेशन हॉलीडे डेस्टिनेशन जर्मनी, फ्रांस, जर्मनी, नीदरलैंड और स्विट्जरलैंड जैसे यूरोपीय देश हैं।

## इंडिगो का विदेशी मार्गों पर बड़ा विस्तार, हर सप्ताह होंगी 174 उड़ानें




**नई दिल्ली, (वार्ता)।** विदेशी मार्गों पर हवाई यात्रा की बढ़ती मांग का लाभ उठाते हुए एयरलाइन इंडिगो ने विदेशी मार्गों पर अपने परिचालन में बड़े पैमाने पर वृद्धि करने की घोषणा करते हुए कहा है कि अब इन मार्गों पर उसकी उड़ानों की साप्ताहिक संख्या 174 तक पहुंच जाएगी। इंडिगो की इन उड़ानों से जुड़े नए शहरों में नैरोबी, जकार्ता, ताशकंद और अल्माटी जैसे शहर भी शामिल होने जा रहे हैं। योजना के अनुसार, घरेलू बाजार में सबसे बड़ी हिस्सेदारी वाली एयरलाइन केन्या में नैरोबी और इंडोनेशिया में जकार्ता को जुलाई से मुंबई से सीधी उड़ानों से जोड़ेगी।

एयरलाइन ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, "अगस्त में दिल्ली से त्बिलिसी (जॉर्जियाद) के बीच सप्ताह में दोनों ओर से तीन-तीन उड़ानें और बाकू (अजरबैजान) के लिए चार-चार उड़ाने शुरू की जाएंगी। इसी तरह सितंबर में ताशकंद (उज्बेकिस्तान) के लिए दोनों ओर से चार-चार और अल्माटी (कजाकिस्तान) के लिए तीन-तीन उड़ाने शुरू हो

## यूपी में फूड प्रॉसेसिंग इंडस्ट्री लगाने वालों को योगी सरकार देगी राहत

**लखनऊ, (वार्ता)।** उत्तर प्रदेश खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने के मकसद से राज्य की योगी सरकार ने नयी खाद्य प्रसंस्करण उद्योग नीति-23 के तहत फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री लगाने वालों को तमाम तरह की रियायतें एवं अन्य सहूलियतें देने का फैसला किया है और इस पर अमल भी शुरू हो चुका है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि सरकार निवेशकों को प्रोत्साहित करने के लिए उन्हे अनुदान, ब्याज उपादान, परिवहन अनुदान समेत अतिरिक्त सुविधाएं दे रही है। इसे चार भागों में विभाजित किया है, जिसमें पहला परियोजनाओं के अनुदान, दूसरा ब्याज उपादान, तीसरा परिवहन अनुदान और चौथा प्रमुख प्रोत्साहन विशेषताएं हैं। इतना ही नहीं योगी सरकार की इन सहूलियतों को लाभ लेने के लिए निवेशकों को विभाग के चक्कर लगाने की भी जरूरत नहीं है। वह ऑनलाइन आवेदन कर इसका लाभ उठा सकते हैं। योगी सरकार नई खाद्य प्रसंस्करण नीति-23 के तहत नई खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना पर परियोजना लागत (तकनीकी सिविल कार्य प्लांट मशीनरी) का 35 प्रतिशत या अधिकतम 5 करोड़ का अनुदान दे रही है।

## सहारा इंडिया लाइफ के पॉलिसीधारकों का एसबीआई लाइफ करेगी अधिग्रहण

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** देश की प्रमुख जीवन बीमा कंपनी एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड सहारा इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के पॉलिसीधारकों का अधिग्रहण करेगी। बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (इंडिया) भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने इस संबंध में शुक्रवार को निर्णय लिया। उसने कहा कि सहारा इंडिया लाइफ को वर्ष 2004 को पंजीयन प्रमाण पत्र जारी किया गया था, लेकिन कुछ गंभीर खामियों के कारण वर्ष 2017 में प्रशासक नियुक्त किया गया था।

# संपादकीय

## 'दोस्ती' में चौकसी

भारत और नेपाल के संबंध ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक रहे हैं, लिहाजा रोटी और बेटी के रिश्ते स्वाभाविक हैं। नेपाल प्राचीन 'अखंड भारत' का ही एक हिस्सा था, लेकिन अब नेपाली राजनीतिज्ञ और आम नागरिक भी इस 'ऐतिहासिकता' से चिढ़ते हैं। अब मानचित्र के आधार पर भी रिश्तों के विश्लेषण किए जा रहे हैं। बल्कि भारत के ही कुछ हिस्सों पर नेपाल आजकल दावा जताने लगा है। यह एक नई किस्म का विवाद पैदा किया जा रहा है। नेपाल का अस्तित्व, भारत के बिना, आधा-अधूरा और डांवाडोल है, यह सोच और अनुभव करने के बाद नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड' भारत आए हैं। बीती दिसंबर में एक बार फिर प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रचंड ने अपना पहला विदेशी प्रवास भारत में किया है। प्रचंड का यह दौरा द्विपक्षीय संबंधों और संवाद की तुलना में कहीं ज्यादा अहम है, क्योंकि 2008 में पहली बार नेपाली प्रधानमंत्री बनने के बाद प्रचंड की प्राथमिकता चीन की ओर थी। शायद कम्युनिस्ट होने के कारण भी उनकी सोच चीन-केंद्रित थी, लेकिन तब से लेकर आज तक भारत-नेपाल-चीन के समीकरण पूरी तरह बदल चुके हैं। भारत और चीन के संबंधों में कड़वाहट है। तनाव है। 2020 में लद्दाख की गलवान घाटी के संघर्ष के बाद टकराव और ज्यादा बढ़ा है। दोनों पक्षों के हजारों सैनिक लंबे अंतराल से एक-दूसरे के सामने तैनात हैं।

चीन घुसपैठ और अतिक्रमण से बाज नहीं आ रहा है। नेपाल लगातार महसूस करता रहा है कि वह दो महाकाय और शक्तिशाली पड़ोसियों के बीच फंस गया है। एक और समीकरण नई मुश्किलें और पेचीदगियां पैदा कर रहा है। नेपाल अमरीका और चीन के बीच नए 'रणनीतिक युद्धक्षेत्र' के तौर पर उभर रहा है। अमरीका ने नेपाल को 50 करोड़ डॉलर का अनुदान दिया है, लेकिन नेपाल ने 'बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव' आदि के तहत चीन के साथ जिन परियोजनाओं के समझौतों पर हस्ताक्षर कर रखे हैं, अब उन्हें यथाशीघ्र पूरा करने का दबाव चीन बढ़ा रहा है। नेपाल इसे नजरअंदाज नहीं कर सकता, क्योंकि उसकी भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि दिल्ली और बीजिंग से अच्छे और निर्बाध संबंध बरकरार रखना काठमांडू की मजबूरी है। प्रधानमंत्री प्रचंड इन तमाम परिस्थितियों के मद्देनजर भारत आए हैं। इस प्रवास के दौरान दोनों देशों ने सात महत्त्वपूर्ण समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। बेशक नेपाल भारत का सहोदर-सा है, लिहाजा 1950 से भारत-नेपाल मैत्री एवं शांति संधि दोनों पक्षों के संबंधों का आधार है, लेकिन कुछ फैसलों और रणनीति के मद्देनजर भारत चौकस है। प्रधानमंत्री मोदी ने 2014 में पदभार संभालने के तीन माह बाद ही नेपाल का दौरा किया था। उस प्रथम विदेशी प्रवास के दौरान भारत ने सद्भावना के जो संबंध कायम किए थे, 2015 में नेपाल की नाकेबंदी ने उन्हें पूरी तरह पलट दिया था, लिहाजा भारत इस बार कुछ ज्यादा ही चौकसी बरत रहा है।

## आरक्षण की आग में जलता मणिपुर

योगेंद्र योगी




सत्ता के लिए यह रास्ता राजनीतिक दलों को ज्यादा आसान लगता है। जरूरतमंदों के लिए योजनाएं बना कर क्रियान्वित करना टेढ़ी खीर है। भ्रष्टाचार के कारण योजनाओं का लाभ पिछड़े और दलितों तक नाममात्र का पहुंच पाता है। यही वजह भी है कि आरक्षण के साथ ही राजनीतिक दल चुनाव के दौरान धनबल से अपने राजनीतिक मंसूबे पूरा करने के प्रयास करते रहे हैं। चुनाव आयोग द्वारा जब्त की जाने वाली हजारों की राशि इसका प्रमाण है। राजनीतिक दलों ने आरक्षण के जरिए सत्ता प्राप्ति का छोटा रास्ता निकाला हुआ है। आरक्षण की बहती गंगा में हाथ धोने से किसी भी दल को गुरेज नहीं है। बेशक यह रास्ता देश में सामाजिक भेदभाव, कटुता और दूरियां बढ़ाने वाला ही क्यों न हो, किन्तु राजनीतिक दलों को यह मुफीद लगता है। राजनीतिक दल अपने क्षुद्र स्वार्थों से ऊपर उठकर जब तक समग्र रूप से देशहित की नीतियां नहीं अपनाएंगे, तब तक मणिपुर जैसे शर्मनाक हादसे होते रहेंगे

देश के राजनीतिक दल जब तक आरक्षण की आग में वोटों की रोटी सेकते रहेंगे, तब तक मणिपुर जैसे हादसे होते रहेंगे। आरक्षण की मांग को लेकर मणिपुर जल रहा है। मैतई समाज को अनुसूचित जनजाति का दर्जा दिए जाने की मांग को लेकर हिंसा भडक़ी हुई है। इसमें कई लोगों की जानें जा चुकी हैं। दंगाइयों ने भारी संख्या में सरकारी संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया है। मणिपुर में 16 जिले हैं जिसमें से वैली 10 फीसदी है और यहां पर 53 प्रतिशत मैतेई समुदाय के लोग रहते हैं। इसके साथ ही 90 फीसदी पहाड़ी इलाका है और यहां पर 42 प्रतिशत कुकी, नागा के अलावा दूसरी जनजाति रहती है। गैर-जनजातीय मैतेई समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने के मणिपुर उच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार को दिए गए निर्देश के बाद मणिपुर में सांप्रदायिक हिंसा भडक़ गई। 1993 में भी मणिपुर में हिंसा हुई थी, तब एक दिन में नागाओं की तरफ से 100 से ज्यादा कुकी समुदाय के लोगों को मार दिया गया।

यह हिंसक घटना जातीय संघर्ष का परिणाम थी। अब एक बार फिर मणिपुर हिंसा से जूझ रहा है, 54 मौतें हो चुकी हैं। मणिपुर का मामला पहला नहीं है, जहां आरक्षण को लेकर देश जला है। इससे पहले भी आरक्षण को लेकर कई हिंसक आंदोलनों में देश जला है। ऐसे हिंसक आंदोलनों में देश को भारी कीमत चुकानी पड़ी है। ओबीसी आरक्षण के खिलाफ आरक्षण की आग में देश कई बार झुलस चुका है। पहली बार मंडल कमीशन की सिफारिशों को 1990 में जब तत्कालीन प्रधानमंत्री वीपी सिंह ने लागू किया तो देश में सवर्ण समुदाय के लोग इसके विरोध में सडक़ पर उतर आए। ओबीसी आरक्षण के खिलाफ देशभर में प्रदर्शन हुआ। इसके विरोध में आत्मदाह और ऐसी कई घटनाएं सामने आई। कई जगह आगजनी-तोडफ़ोड़ तक हुई। वर्ष 2016 में हुए जाट आंदोलन के दौरान काफी हिंसा हुई थी। आंदोलनकारियों ने जाट समुदाय को ओबीसी में शामिल करने की मांग को लेकर काफी विरोध प्रदर्शन किया था। हरियाणा में जमकर हिंसा, आगजनी व तोडफ़ोड़ हुई थी। इस हिंसक आंदोलन में 30 लोगों की जान चली गई। गुजरात में पाटीदार समुदाय के लोगों ने ओबीसी में शामिल करने को लेकर 2015 में सबसे बड़ा प्रदर्शन किया था। गुजरात में हिंसा और आगजनी की घटनाएं सामने आईं। इलाके में कफ्र्यू लगाना पड़ गया था। प्रदर्शनकारियों ने सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचाया था। हरियाणा के जाट आरक्षण आंदोलन में करीब 34 हजार करोड़ का नुकसान हुआ था। देश में अब तक आरक्षण आंदोलन से लाखों करोड़ का नुकसान हो चुका है। राजनीतिक दल इसकी भरपाई भी देश के आम लोगों से ही करते हैं। आरक्षित वर्ग भी इससे अलग नहीं है। आर्थिक नुकसान से भरपाई के लिए बढ़ाए गए टैक्स की मार उन पर भी पड़ती है। गुर्जर आंदोलन : आरक्षण की मांग को लेकर राजस्थान में गुर्जर समुदाय ने काफी दिनों तक प्रदर्शन किया था। आंदोलनकारियों ने लंबे समय तक रेलवे ट्रैक को जाम रखा।

## महान कवि और समाज सुधारक थे संत कबीर



कबीर दास जी ने अपना पूरा जीवन लोगों की भलाई के लिए समर्पित कर दिया और मृत्यु के बाद भी हिंदू और मुस्लिम धर्म में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने का प्रयास किया। उन्होंने अपने जीवन काल में हिन्दू और मुस्लिम को एकता में पिरोने का काम किया। वे हिन्दू-मुस्लिम धर्मों में फैली कुरीतियों के सख्त विरोधी थे। जिसके कारण दोनों ही धर्म के कुछ कट्टरपंथी लोग इनसे शत्रुता भी रखते थे। इसको लेकर कबीर ने दोहों की रचना भी की।कबीर दास जी ने अपने दोहो में दोनों ही धर्म पर कटाक्ष किया था। वे रूढ़िवादिता से सदैव मानवीय गुणों को सर्वोपरि मानते थे।

**दुनिया बड़ी बावरी, पहार पूजन जाए।**
**घर की चक्की कोई न पूजे, जिसका पीसा खाए।**
**कांकर पाथर जोरि कै मस्जिद लई बनाय।**
**ता चढ़ि मुल्ला बांग दे क्या बहरा हुआ खुदाय।।**

कबीर दास जी को लोग कबीर साहब, संत कबीर दास भी कहते हैं। कबीर दास जी के शिष्यों ने उनकी विचार धारा का प्रचार करने के लिए एक संप्रदाय का गठन किया जिसे कबीरपंथ नाम से जाना जाता है।

## प्रकृति संरक्षण के लिए बनना होगा प्रकृति मित्र

प्रो. मनोज डोगरा



जितना संभव हो, उतने पेड़-पौधे लगाकर उनका संरक्षण करने का भाव मन में जागृत होना आवश्यक है। अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखने के प्रयास करें, प्लास्टिक का उपयोग करने से बचें और दूसरों को भी जागरूक कर पुनीत कार्य के भागीदार बनना चाहिए। हवा में जहरीली लहरें बह रही हैं। जहरीली गैसों की मात्रा को कम करने के लिए सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग करना समय की आवश्यकता है। इस ओर हमें बढऩा होगा तथा जल का संतुलित रूप से उपयोग कर धरा के रक्त को संचयित रखना होगा। तभी प्रकृति रहने लायक रह पाएगी, अन्यथा आने वाले समय में ग्लोबल वार्मिंग से जीवन संकट में पड़ते समय नहीं लगेगा। इसका जीता-जागता उदाहरण हमारे समक्ष मौजूद है, मई-जून में भारी बारिश व बर्फबारी इसी का परिणाम है। हमें अब सचेत हो जाना चाहिए

प्रकृति के संरक्षण हेतु आज पूरा विश्व नए चिंतन मंथन कर आगे की राह पर अग्रसर है। हमारी भारतीय संस्कृति में तो प्रकृति को मां की संज्ञा प्राप्त है। यहां नदी को मां कहते हैं तथा पहाड़ों को, पेड़ों को पूजा जाता है। हमारी जीवनशैली प्राचीन काल से ही प्रकृतिमैत्री की रही है। विश्व में पर्यावरण संरक्षण के विषय में जागरू ककरने हेतु पांच जून का दिन चुना गया है। पर्यावरण दिवस संपूर्ण विश्व के लोगों को पर्यावरण के संरक्षण के प्रति जागरूक करता है। विश्व में पहली बार सन 1974 में संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून को मनाया गया था। सन 1972 में अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण राजनीतिक विकास के लिए सर्वप्रथम सम्मेलन 5 से 16 जून तक स्वीडन, स्टॉकहोम में कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस सम्मेलन का लक्ष्य मानव पर्यावरण को संरक्षित और बढ़ते प्रदूषण पर नियंत्रण पाना था।

सम्मेलन में ही संयुक्त राष्ट्र द्वारा एक तिथि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के रूप में निर्धारित किया गया। विश्व पर्यावरण दिवस आयोजन के लिए हर साल एक नई थीम चुन कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश प्रसारित करने हेतु तय हुआ। यह दिवस हमें पर्यावरण के प्रति हमारे कर्तव्यों, जिम्मेदारियों को याद दिलाकर हमें पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के लिए अभिप्रेरित करता है। वृक्षों की अंधाधुंध कटाई पर्यावरण के संतुलन को बिगाड़ती है। वर्तमान समय में जिस प्रकार से मानव लगातार वनों को काटकर आवासीय भूमि, फ्लैट एवं फैक्ट्री आदि लगा रहा है जिससे पर्यावरण को बहुत ही नुकसान पहुंचता है। यदि हमें पर्यावरण को बचाना है तो वनों एवं वृक्षों की अंधाधुंध कटाई पर तत्काल प्रभाव से रोक लगानी होगी। पर्यावरण की अनुकूलता को ध्यान में रखते हुए हमें सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करते हुए पर्यावरण के अनुकूल पुनर्नवीकरणीय (ऐसे पदार्थ जो रीसाइकिल हो जाएद्ध) ऐसे उत्पादों का प्रयोग करने पर जोर देना चाहिए। सिंगल यूज प्लास्टिक पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक है क्योंकि यह सिंगल यूज प्लास्टिक सैकड़ों साल तक भूमि में गलती नहीं है। इसलिए हमें सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर मिट्टी के बने कुल्हड़, तेंदूपत्ता से बने दोना-पत्तल इत्यादि का प्रयोग विभिन्न प्रकार के आयोजनों (विवाह, पार्टी एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों) आदि में करना चाहिए। क्योंकि मिट्टी से निर्मित कुल्हड़, तेंदूपत्ता से बने दोना-पत्तल इत्यादि आसानी से भूमि में गल (री साइकिल) जाते हैं। यही कारण है कि मिट्टी से निर्मित कुल्हड़, तेंदूपत्ता से बने दोना-पत्तल से पर्यावरण को कोई भी हानि नहीं पहुंचती है। इसलिए हमें इनका अधिक से अधिक उपयोग शादी समारोह, सामाजिक कार्यक्रमों, सरकारी कार्यालयों, निजी कार्यालयों, यात्रा करते समय, बस स्टॉप, रेलवे स्टेशनों एवं फैक्ट्री इत्यादि में खानपान में करना चाहिए।

**वैद्यानिक सूचना**

**उत्तराखंड प्रहरी** के संपादन में हम प्रयासरत है कि हमारी ओर से खबर में किसी भी प्रकार की कोई त्रुटि न हो। हमारी कोशिश है कि अखबार में छपी किसी खबर, रिपोर्ट, फीचर या लेख से व्यक्ति विशेष, संगठन या समुदाय की भावना को ठोस न पहुंचे। **उत्तराखंड प्रहरी** में प्रकाशित लेख, विश्लेषण और साभार, ली गई सामग्री के विचार संबंधित लेखकों और रचनाकारों के निजी विचार हैं, न कि अखबार के। अतः सभी पाठकों से आग्रह है कि वे किसी सूचना, समाचार, विज्ञापनों आदि के आधार पर कोई फैसला करने से पहले तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। उसके लिए किसी भी प्रकार से लेखक, संपादक, प्रकाशक, प्रिंटर या विक्रेता को उत्तरदायी नहीं ठहराया जा सकता है। तथा किसी भी कारोबारी और निज निर्णय के लिए **उत्तराखंड प्रहरी** जिम्मेवार नहीं होगा।

# वीकेंड पर जाम के झाम से परेशान रहे पर्यटक और श्रद्धालु

गौरव कुमार, उत्तराखंड प्रहरी ब्यूरो



**हरिद्वार।** वीकेंड के चलते शनिवार को हरिद्वार में लाखों यात्रियों की आमद से व्यवस्था गड़बड़ा गई। यात्रियों के वाहनों के दबाव से शहर से लेकर हाईवे तक घंटों जाम लगा। जिससे गर्मी में यात्री पसीना-पसीना होते रहे। इस दौरान पुलिस की सारी व्यवस्थाएं धरी की धरी रह गईं। वहीं, हरकी पैड़ी और अन्य घाटों पर श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई।

शनिवार को हरिद्वार-देहरादून मार्ग पर भूपतवाला क्षेत्र में फ्लाईओवर निर्माण से यात्रियों को काफी ज्यादा जाम से जूझना पड़ा। जाम में फंसने से यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। चारधाम यात्रा की शुरुआत भी हो गई। अधिकतर यात्री ट्रेनों से हरिद्वार तक पहुंच रहे हैं। हरिद्वार में गंगा स्नान कर ऋषिकेश के लिए रवाना हो रहे हैं। वीकेंड होने से दिल्ली, हरियाणा, यूपी, राजस्थान के वाहनों की सड़कों पर कतार लगी रही। सुबह से हाईवे पर वाहनों का दबाव रहा। पंडित दीनदयाल पार्किंग फुल रही। अन्य पार्किंग भी वाहनों से भरी रही। हाईवे के अलावा शहर में भी जाम की समस्या रही। भूपतवाला क्षेत्र में फ्लाईओवर का निर्माण हो रहा है, जिससे दोनों तरफ की सड़क संकरी हो गई है। वाहनों का दबाव बढ़ते ही जाम लग रहा है। सुबह से शाम तक कई बार क्षेत्र में दो किमी तक जाम लगा। श्रद्धालुओं ने सुबह पांच बजे से हरकी पैड़ी और आसपास के गंगा घाटों पर डुबकी लगानी शुरू दी। यह सिलसिला शाम तक चलता रहा। वीकेंड पर पर्यअकों ने स्नान कर दान पुण्य लाभ अर्जित किया। वीकेंड और चारधाम यात्रा के चलते भीड़ का दबाव बाजारों पर काफी बढ़ गया है। जिससे बाजारों में काफी चहल पहल रही। श्रद्धालु गंगा स्नान करने के बाद बाजारों में खरीदारी के लिए निकले। अपर रोड पर पूरे दिन चहल पहल रही। श्रद्धालुओं ने अपनी जरूरत का सामान खरीदा और मंदिरों के दर्शन भी किए। राजस्थान से अनूप कुमार, हरियाणा से अनिल कुमार, यूपी से रामकुमार हरिद्वार दर्शन करने के लिए आए। उन्होंने कहा कि वीकेंड पर वह कई बार अपने परिवारों और दोस्तों के साथ यहां स्नान करने आते हैं, लेकिन वीकेंड पर पुलिस प्रशासन की ओर से जाम के झाम से निपटने के लिए कोई व्यवस्था नहीं की जाती है। जिससे पर्यटकों को कई घंटों जाम में फंसना पड़ता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से वीकेंड के दौरान यातायात व्यवस्था दुरस्त किए जाने की मांग की है।

उत्तराखंड प्रहरी **छोटी खबरें**

## बाढ़ समस्याओं को कम करने के लिए व्यापक नीति तैयार करने पर बल दिया शाह ने

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मानसून से पहले देश में बाढ़ प्रबंधन की तैयारियों को लेकर शुक्रवार को यहां एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की जिसमें स्थानीय बाढ़ समस्याओं को कम करने के उद्देश्य से एक व्यापक नीति तैयार करने पर भी बल दिया गया।



गृह मंत्री ने कहा कि देश में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में कई प्रयास हो रहे हैं जिनसे आपदा के दौरान जान-माल के नुकसान को कम से कम करने में मदद मिल सकेगी। उन्होंने मौसम संबंधी भविष्यवाणी अगले मॉनसून तक मौजूदा पांच से बढ़ाकर सात दिन करने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे बाढ़ प्रबंधन और बेहतर हो सके। शाह ने बाढ़ और आपदा संबंधी जानकारी का विश्लेषण करने के लिए गृह मंत्रालय और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को अगले वर्ष तक एक कॉमन सॉफ्टवेयर विकसित करने के निर्देश दिए जिससे भविष्यवाणी करने वाली एजेंसी को तत्काल वैज्ञानिक डेटा मिलेगा जिसका उपयोग आपदा प्रबंधन ऐजेंसियां कर सकेंगी। उन्होंने कहा कि इस सॉफ्टवेयर को डेवलप करने में विदेशों की विशेषज्ञ ऐजेंसियों की मदद भी ली जाए। सरकार की आपदा मित्र योजना में गांवों में उपलब्ध परंपरागत गोताखोरों को भी बचाव का प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए।

केंद्रीय गृह मंत्री ने अधिकारियों को देश के प्रमुख जलग्रहण क्षेत्रों में बाढ़ और जलस्तर में वृद्धि की भविष्यवाणी के लिए एक स्थायी प्रणाली बनाने के लिए केन्द्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच समन्वय मजबूत करने के प्रयास जारी रखने का निर्देश दिया।

## भागवत बोले, भारत में इस्लाम धर्म सुरक्षित, RSS प्रमुख ने कही एकता की बात, बाहर से आए समुदाय हमारे अपने

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने हिंदू-मुस्लिम एकता की बात कही है। उन्होंने कहा कि बाहर से आए समुदाय हमारे अपने हैं। उन्होंने 'विवाद के बजाए संवाद' का रास्ता अपनाने की अपील की है। संघ प्रमुख ने कहा कि अलग दिखते हैं, इसलिए अलग हैं, यह भाव न रहता तो देश नहीं टूटता। नागपुर में आयोजित संघ शिक्षा वर्ग के कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि कुछ संप्रदाय बाहर से आए। उनको लाने वाले जो बाहर से थे, उनके साथ हमारी लड़ाइयां हुईं, लेकिन वे बाहर वाले तो चले गए, सब अंदर वाले हैं। तो उन बाहर वालों का संबंध भुलाकर इस देश में रहना और अभी भी वहां के प्रभाव में यहां जो लोग हैं। हमें यह समझना होगा कि वे हमारे अपने हैं, यह समझ कर उनके साथ व्यवहार करना। अगर उनके सोचने में कोई कमी है, तो उनका योग्य प्रबोधन करना, हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि. पूर्व के अहंकार और बोझ के कारण हम एकजुट होने से डरते थे। हमें लगता था कि अगर हम मातृभूमि की पूजा में खुद को लगा देंगे, तो हम हमारी पहचान खो देंगे। कौन अलग पहचान चाहता है? कोई अलग-अलग पहचान नहीं है।



# विदेश

## मानहानि मामले में मुझे ही मिली सबसे बड़ी सजा; राहुल बोले, अडानी पर बोलने के तुरंत बाद अयोग्य करार

**वाशिंगटन।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि आजाद भारत के इतिहास में मानहानि के मामले में उन्हें ही अब तक सबसे बड़ी सजा मिली है। अमरीका के दौरे पर गए श्री गांधी ने वाशिंगटन डीसी के नेशनल प्रेस क्लब में लोकसभा से अयोग्य घोषित किए जाने संबंधी सवाल पर कहा कि मैं 1947 के बाद के इतिहास में भारत का पहला व्यक्ति हूं, जिसे मानहानि के मामले में सबसे बड़ी सजा मिली है। उन्होंने कहा कि आजाद भारत के इतिहास में अब तक किसी को भी इस तरह के मामले में इतनी अधिक सजा नहीं दी गई है और वह भी पहले अपराध पर। मेरा मानना है कि मैंने संसद में अडानी को लेकर जो भाषण दिया, उसके बाद मेरी अयोग्यता का मामला सामने आया है। इससे पता चलता है कि भारत में क्या चल रहा है। श्री गांधी ने आगे कहा कि मैंने कभी कल्पना भी नहीं की थी कि मेरे साथ ऐसा कुछ होगा, लेकिन मुझे लगता है कि इससे मुझे एक बड़ा अवसर मिला है। मेरे पास जो अवसर होता, शायद उससे बहुत बड़ा अवसर। राजनीति इसी तरह काम करती है। भारत जोड़ो यात्रा को लेकर पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि भारत में पूरा विपक्ष लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए संघर्ष कर रहा है और इसीलिए उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा करने करने का निर्णय लिया।



**चौंका देंगे 2024 के नतीजे, भाजपा होगी सत्ता से बाहर**

राहुल गांधी का कहना है कि 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे चौंकाने वाले होंगे। दस दिनों के अमरीका दौरे पर गए कांग्रेस नेता ने कहा कि विपक्ष एकजुट है और हम अगले साल होने वाले आम चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल कर देंगे। वाशिंगटन के नेशनल प्रेस क्लब में राहुल गांधी ने मीडिया से बात करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि अगले चुनाव में कांग्रेस बहुत अच्छा प्रदर्शन करेगी। मुझे लगता है कि यह चुनाव लोगों को हैरान कर देगा। आप गणित लगा लीजिए। संयुक्त विपक्ष भाजपा को हरा देगा।

## तिब्बती लोगों की जमीन हड़प रहा ड्रैगन, लिंग्या हाइड्रो पावर डैम बनाने की तैयारी में चीन, 285 करोड़ से बनेगा बांध

**ल्हासा।** चीन पर तिब्बत के लोगों की जमीन हड़पने करने के आरोप लगे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन तिब्बत के रेबगोंग और किंघाई इलाके में लिंग्या हाइड्रो पावर डैम बनाने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए उसे आसपास के इलाके खाली कराने की जरूरत है। हालांकि, कई लोग अपनी जमीन और घर छोडने को तैयार नहीं हैं। ऐसे में चीन के अधिकारी इन लोगों को मुआवजा नहीं देने की धमकी दे रहे हैं। चीन जिस हाइड्रो प्रोजेक्ट के लिए लोगों की जमीन जब्त कर रहा है वो उसके फाइव ईयर प्लान का हिस्सा है। जिस पर 285 करोड़ रुपए किए जाने हैं। चीन हाइड्रो प्रोजेक्ट के लिए तिब्बत के शू-ओंग के, ओंग नी था, माल्पा जाम और माल्पा खारनांग खारसी और मालपा चाउवो के इलाके को खाली करवा रहा है। डैम का काम जल्द शुरू हो जाएगा। लोगों का कहना है कि अपने गांव और खेतों के अलावा गुजारे के लिए उनके पास कोई दूसरा चारा नहीं है। ऐसे में जब अधिकारी उनसे जमीन खाली करवा लेते हैं तो उन्हें चीन के शहरों में जाकर मजदूरी करनी पड़ती है। चीन जबरन तिब्बत के लोगों को अपने कल्चर में शामिल करने के लिए ऐसा कर रहा है। चीन और तिब्बत का विवाद बरसों पुराना है। चीन का दावा है कि तिब्बत 13वीं शताब्दी में चीन का हिस्सा था, इसलिए तिब्बत पर उसका हक है। तिब्बत चीन के इस दावे को खारिज करता है। 1912 में तिब्बत के 13वें धर्म गुरु दलाई लामा ने तिब्बत को स्वतंत्र घोषित कर दिया। तब चीन ने इस पर कोई आपत्ति नहीं जताई, पर जब 1949 में चीन में कम्युनिस्ट सरकार सत्ता में आई तो उसकी विस्तारवादी नीतियों के चलते तिब्बत की आजादी को खतरा पैदा हो गया। छह-सात अक्तूबर 1950 को चीनी सेना ने तिब्बत पर हमला कर दिया और आठ महीने चले संघर्ष के बाद तिब्बती सेना को मात दे दी।



## सिंगापुर में 12000 हिंदू श्रद्धालुओं का मेला, प्राचीन मंदिर श्री थेंदयुथापानी के अभिषेक पूजा में हुए शामिल

**सिंगापुर।** सिंगापुर के सबसे प्राचीन मंदिरों में से एक 'श्री थेंदयुथापानी मंदिर' में अभिषेक समारोह में करीब 12,000 हिंदू श्रद्धालु शामिल हुए। इस मंदिर को सरकार ने वर्ष 2014 में राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया था। श्री थेंदयुथापानी मंदिर का निर्माण वर्ष 1859 में किया गया था और इसका थाईपुसम से घनिष्ठ संबंध है। यह समारोह भगवान मुरुगन को समर्पित है जिन्हें हिंदू धर्म में साहस, शक्ति और सदगुण का प्रतीक माना जाता है। सरकार की ओर से वर्ष 2014 में इस मंदिर को सिंगापुर का 67वां राष्ट्रीय स्मारक घोषित किये जाने के बाद से मंदिर में यह पहला अभिषेक समारोह आयोजित किया गया। उत्सव की परंपरागत पदयात्रा के दौरान मंदिर अंतिम गंतव्य स्थल होता है और प्रत्येक 12 वर्ष में एक बार अभिषेक समारोह आयोजित किया जाता है। समारोह के पहले हिस्से की शुरुआत सात बजे सुबह एक बड़े तंबू में हुई जहां पुजारियों ने पाठ किया और पवित्र जल से आशीर्वाद दिया। रिपोर्ट के मुताबिक इसके बाद कुंभाभिषेकम किया गया।

# खाताधारक से 5 लाख की ठगी का हरिद्वार पुलिस ने किया खुलासा

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता






**हरिद्वार।** जमालपुर कलाँ, कनखल निवासी रतन सिंह द्वारा थाना कनखल में लिखित शिकायती प्रार्थनापत्र देकर बताया था कि उनके जगजीतपुर स्थित उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक के खाते से किसी अज्ञात व्यक्ति ने 05 लाख रुपये निकाले गये है। उक्त निकासी के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता द्वारा बैंक में सम्पर्क करने पर बैंक स्टाफ द्वारा पैसे निकाले जाने का विड्राल फार्म दिखाया गया। उक्त निकासी फार्म पर खाताधारक के हस्ताक्षर की कूटरचना की गयी थी। फर्जी हस्ताक्षर बनाकर बैंक खाते से धोखाधडी कर 5 लाख रुपये गबन करने की जानकारी मिलने पर थाना कनखल में धोखाधड़ी के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम ने विभिन्न सीसीटीवी कैमरों कर ठोस सुरागरसी पतारसी की गई। विवेचना के दौरान बैंक में तैनात सन्नी नामक युवक की संदिग्धता प्रकाश में आयी। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने सन्नी को शमशान घाटपुल बैरागी से व तत्पश्चात घटना में संलिप्त उसके 02 अन्य साथियों मोनू व रविन्द्र को देव बिहार जगजीतपुर से दबोचने में सफलता हासिल की। आरोपियों के कब्जे से पुलिस टीम ने 04 लाख रुपए भी बरामद किये।

**घटना को अंजाम देने के बाद हुआ था बंटवारा-**

आरोपियों से सख्ती से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि ठगी का तानाबान बुनकर तीनों ने वारदात को अंजाम दिया था। रकम मिलने पर सन्नी द्वारा मोनू को 02 लाख तथा रविन्द्र में 01 लाख रुपए देकर 02 लाख अपने पास रखे गए थे।

**बरामदगी का विवरण**

- आरोपी सन्नी से 1 लाख 47 हजार रुपये
- आरोपी मोहित शर्मा से 1 लाख 59 हजार रुपये
- आरोपी रविन्द्र से 94 हजार रुपये

**घटना मे प्रयुक्त वाहन :**

- बैगानार - न0 UK08AZ-1793

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण:-**

- सन्नी कुमार पुत्र विशनदास निवासी D-36 मायापुर डामकोठी कोतवाली नगर हरिद्वार
- मोहित शर्मा उर्फ मोनू पुत्र दिनेशचन्द्र शर्मा निवीस अशोक विहार राजागार्डन थाना कनखल जनपद हरिद्वार
- रविन्द्र पुत्र सल्लूराम निवासी ग्राम सरसावा थाना सरसावा जिला सहारनपुर उ0प्र0

# पति को आत्महत्या के लिए उकसाने वाली पत्नी प्रेमी संग गिरफ्तार

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता



**हरिद्वार।** पत्नी के दूसरे युवक के साथ प्रेम प्रसंग के चलते पति द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर लेने के सम्बन्ध में दर्ज मुकदमें में कार्यवाही करते हुए पुलिस ने आरोपी पत्नी तथा उसके कथित प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। विदित हो कि भगवानपुर पुलिस ने 2 मई को मृतक के भाई की तहरीर पर अपनी भाभी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने के संबंध में मुकद्मा दर्ज किया था। पुलिस नें कार्यवाही करते हुए मृतक की पत्नी गुलशाना पत्नी इरफान निवासी ग्राम हल्लूमाजरा थाना भगवानपुर व उसके कथित प्रेमी रहीश पुत्र तन्नू निवासी हल्लूमाजरा थाना भगवानपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में मृतक की पत्नी ने बताया कि प्रेम प्रसंग का पता चलने के कारण अक्सर उन दोनों के बीच विवाद बना रहता था। पुलिस ने दोनों का चालान कर न्यायालय में पेश किया।

# युवती से मोबाइल छीनकर भागे आरोपियों को चंद घंटों में पुलिस ने किया गिरफ्तार




**हरिद्वार।** सिडकुल की एक कंपनी में कोरियर की डिलीवरी करने आईं एक युवती का मोबाईल छीनकर भागे दो बाईक सवार झपट्टा मार युवकों को पुलिस ने चंद घंटों में दबोच लिया। पकड़े गए युवकों का पुलिस ने चालान कर दिया है। बीते रोज सिडकुल थाना क्षेत्र के नवोदय नगर रोशनाबाद निवासी मोहिनी ध्यानी ने सिडकुल थाने में तहरीर दर्ज कराते बताया कि वह सिडकुल स्थित बायोमेड कम्पनी में एक कोरियर की डिलीवरी के लिए आयी थी। इसी दौरान दो मोटसाइकिल सवार युवक आए और उसके हाथ से मोबाईल छीनकर फरार हो गए। युवती की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश शुरू की। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को चैक करते हुए पुलिस ने आरोपियों को चिन्हित किया और घटना के चंद घंटों में मुखबिर की सूचना पर दोनों आरोपियों युवकों नितिन कुमार पुत्र बाबू राम निवासी मौहल्ला लकडपट्टी ग्राम कुटेसरा थाना चरथावल, मुवनगर हाल पता ब्रहमपुरी थाना सिडकुल व प्रिन्स कुमार पुत्र राजकुमार निवासी ग्राम देदपुरा थाना नकुड जिला सहारनपुर हाल पता रावली महदूद थाना सिडकुल हरिद्वार को रावली महदूद से धर दबोचा।

# पथरी पुलिस ने 24 घंटे में पत्नी की हत्या का आरोपी पति को किया गिरफ्तार

- पत्नी के रहते हुए दूसरी शादी करना चाहता था आरोपी पति
- पत्नी के न मानने पर मुंह दबा कर दी हत्या

उत्तराखंड प्रहरी, संवाददाता

**हरिद्वार।** पथरी के ग्राम ऐथल में महिला की हत्या की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर मृत पड़ी महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल हरिद्वार भेजा गया। जिस संबंध में महिला के भाई अजीम द्वारा महिला के पति व उसके भाइयों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराया गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी हरिद्वार अजय सिंह द्वारा एसएचओ पथरी को आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया गया था। जिस पर खरा उतर कर हरिद्वार पथरी पुलिस द्वारा 24 घंटे के भीतर ही आरोपी पति जाहिर हसन को ग्राम बुक्कनपुर से दबोचा गया। अन्य अभियुक्तों की तलाश जारी है। अभियुक्त दूसरी शादी करना चाहता था। पत्नी के न मानने पर अभियुक्त लगातार पत्नी के साथ मारपीट करता था। इसी बात को लेकर अभियुक्त द्वारा पत्नी का मुंह दबाकर हत्या कर दी। अन्य नामजद की संलिप्तता के संदर्भ में विवेचना जारी है।

**नाम पता गिरफ्तार आरोपी**

जाहिर हसन पुत्र वहीद निवासी ग्राम ऐथल थाना पथरी हरिद्वार

**फरार फरार आरोपी**

1- गुलशेर पुत्र वहीद निवासी ऐथल थाना पथरी जनपद हरिद्वार

२- गुलजार पुत्र वहीद निवासी उपरोक्त

## आज का राशिफल

उत्तराखंड प्रहरी

**आज के विचार**

डरने वालो को नही मिलता कुछ ज़िन्दगी में, लड़ने वालों के कदमो में जहांन होता है।

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** आज आपको सामाजिक क्षेत्र में मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आप कोई नया व्यापार या काम शुरु करने का मन बना सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल होंगे।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी , वु , वे, वो)** आज आपको रचनात्मक कार्यों का प्रतिफल प्राप्त होगा। व्यापार में उन्नति मिलने के योग हैं। कानूनी मामलों में सफलता मिल सकती है। पति-पत्नी के बीच बेहतर तालमेल बने रहेंगे।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)** आपकी आज अचानक धन लाभ मिलने की संभावना नजर आ रही है। सामाजिक दायरा बढ़ेगा। आपका दिन भागदौड़ भरा रहेगा। गुप्त शत्रुओं से सतर्क रहने की आवश्यकता है क्योंकि यह आपके कामकाज बिगाडने की कोशिश कर सकते हैं।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)** आज आप अपने प्रयासों से उन्नति पथ प्रशस्त करेंगे। जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिल सकता है। नौकरी के क्षेत्र में बड़े अधिकारियों के साथ बेहतर तालमेल बने रहेंगे ।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। शादीशुदा जिंदगी में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है फिर भी जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम के आयोजन की चर्चा हो सकती है।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** आज आप किसी लाभदायक यात्रा पर जा सकते हैं। नौकरी के क्षेत्र में लाभ मिलने की संभावना है। निवेश में फायदा मिल सकता है। किस्मत आपका पूरा साथ देगी।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)** आपका आज का दिन मिलाजुला नजर आ रहा है। बड़े अधिकारियों को प्रसन्न करना काफी कठिन हो सकता है। दोस्तों के साथ मिलकर आप कोई नया व्यापार शुरु करने का मन बना सकते हैं। आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)** आपको आज धन से जुड़े हुए मामलों में काफी सतर्क रहना होगा। आप किसी को भी पैसा उधार मत दीजिए। आप किसी यात्रा पर जा सकते हैं। पुराने मित्रों से मिलना-जुलना हो सकता है। व्यवहार कुशलता से समस्या का समाधान संभव है।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)** आज आप अपने प्रयासों से सफलता हासिल करेंगे। प्रभावशाली लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। आपका मन प्रसन्न रहने वाला है। कार्यप्रणाली में सुधार आएगा। काफी लंबे समय से अधूरे पड़े कार्य पूरे हो सकते हैं।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)** आपका आज का दिन पहले के दिनों की अपेक्षा अच्छा रहेगा। आपका मन धर्म-कर्म के कामों में अधिक लगेगा। सत्संग से लाभ मिल सकता है। व्यापार अच्छा चलेगा। आपका मन प्रसन्न रहने वाला है। दोस्तों की मदद से रुके हुए काम पूरे होंगे।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)** आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। वाहन और मशीनरी के प्रयोग में सावधानी बरतने की आवश्यकता है। आप अपनी कीमती चीजों को संभाल कर रखें। कोई भी जोखिम लेने से बचना होगा। आमदनी के अनुसार खर्चा पर कंट्रोल रखने की आवश्यकता है।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)** आज आपको प्रेम संबंधित मामलों में सफलता हासिल होगी। कानूनी बाधा दूर हो सकती है। परोपकारी स्वभाव होने से दूसरों की मदद करेंगे। कामकाज के प्रति आप लापरवाही मत कीजिए। कुछ जरूरी कामों को लेकर आपको अधिक भागदौड़ और मेहनत करनी पड़ सकती है परंतु आखिर में आपको सफलता मिलने के योग हैं।


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक/संपादक- विकास गर्ग ने भगवती प्रिंटिंग प्रेस, इंडस्ट्रियल एरिया, हरिद्वार उत्तराखंड से मुद्रित करवाकर 54 आवास विकास, विवेक विहार, रानीपुर मोड़, हरिद्वार उत्तराखंड से प्रकाशित किया।
प्रकाशक / संपादक : विकास गर्ग- फोन : 9897766448, : मुख्य संपादक / सुमित तिवारी- फोन : 8077771906 : Email : uttarakhandprahari19@Gmail.com